# मरीजों की रसोई से गैस गायब, जला चूल्हा

## वीडियो वायरल होने पर प्रशासन ने किया जवाब तलब





नवभारत न्यूज

**सतना, 17 मार्च. जिले के एक मात्र सबसे बडे बल्लभभाई पटेल जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के लिए सरकारी तौर पर बनने वाले भोजन की अत्याधुनिक रसोई में एलपीजी गैस की सप्लाई प्रभावित हो जाने से मंगलवार को ठेकेदार को चूल्हा जलाने के लिए विवश होना पड़ा.**

घटनाक्रम का वीडियो वायरल होने पर सक्रिय हुए जिले के अमले ने इस मामले में ठेकेदार को नोटिस देने का निर्णय लिया है. एलपीजी गैस की कमी से जूझ रहे लोगों की तरह ही सरकारी नियंत्रण में चल रही भोजन की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है. बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय की रसोई में पिछले कई दिनों से कुकिंग गैस का आभाव चल रहा था जिम्मेदार लोगों ने कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से इस मामले में मदद भी मागी लेकिन जब इसका कोई समाधान नहीं निकला तो मजबूर होकर मंगलवार को मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए चूल्हा जलाने के लिए विवश होना पड़ा. इस घटनाक्रम को जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने जब संज्ञान लिया तो उन्हें यह जानकारी मिली की मरीजों का भोजन बनाने वाले ठेकेदार ने कार्मसियल सिलेण्डर के बजाय घरेलू गैस से ही भोजन बनाने की व्यवस्था कर रखी थी. घरेलू गैस वितरण की व्यवस्था अस्त व्यस्त होने के कारण अस्पताल की रसोई का चूल्हा नहीं जल पाया. अन्तत: मरीजों को समय पर भोजन मिल सके इसके लिए अस्पताल परिसर में ही रसोई के बाहर लकड़ी का अस्थाई चूल्हा बनाकर भोजन पकाने की व्यवस्था की गई.

### आपूर्ति अधिकारी पर प्रश्न चिन्ह

पिछले दिनों जिला आपूर्ति अधिकारी को कलेक्टर डा. सतीश एस ने नोटिस देकर सीएम हेल्प लाइन के मामलों में लापरवाही वरतने का दोषी माना था. उन्हें जारी नोटिस में 3 दिवस के अन्दर जवाव देने का अवसर दिया गया था. बताया गया है कि अवधि बीत जाने के बाद भी आपूर्ति अधिकारी ने किसी प्रकार का उत्तर नहीं दिया. दूसरी तरफ जिले में कुकिंग गैस की चल रही बड़े पैमाने पर काला बाजारी को रोकने के निर्देश भी कलेक्टर ने कई बार खाद्य विभाग के अधिकारी को दिये. लेकिन उनकी तरफ से जिले में अभी तक कहीं कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की गई . बताया गया है कि जिले भर में बड़े पैमाने पर उज्जवला गैस कनेक्शन की कापी लेकर गैस माफिया एजेंसी से सीधे सिलेण्डर हासिल कर बढ़ी हुई कीमतों में बारातघर, होटल व ढाबा संचालकों को उपलब्ध करा रहे हैं. प्रशासन माफियाओं की इस कड़ी को जिले में तोड़ने में अभी तक कामयाब नहीं हो पाया है.



# नहाने के लिए नहर में उतरा छात्र डूबा, मौत

## प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी उतैली के निकट हुई घटना

नवभारत न्यूज

**सतना 17 मार्च. छोटे भाई और मित्र के साथ नहाने के लिए नहर में उतरे युवक का पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया. हलांकि स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर शव को पानी से बाहर निकाल लिया. लेकिन अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के उतैली क्षेत्र में स्थित प्रधानमंत्री आवास कालोनी में रहने वाला 18 वर्षीय युवक और कक्षा 12वीं का छात्र अनंत मंगलवार को अपने छोटे भाई और एक मित्र के साथ दोपहर के लगभग 3 बजे सोनौरा में नगर के पीछे की ओर गया था. इसी दौरान वहां से होकर गुजरने वाली नहर में नहाने का मन बना लिया. कपड़े नहर किनारे रखने के बाद अंनत पानी में उतरने लगा. लेकिन इसी दौरान पैर फिसलने के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में चला गया. देखते ही देखते वह पानी में समा गया. यह देख छोटे भाई और मित्र ने शोर मचाकर लोगों को बुलाने का प्रयास किया.

इसी दौरान छोटा भाई भाग कर घर पहुंच गया और परिजनों को सूचना दी. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही दर्जन भर से अधिक की संख्या में स्थानीय रहवासी एकत्रित हो गए. आनन-फानन में रस्से का इंतजाम करते हुए कुछ लोग नहर के पानी में उतर गए. रस्सी को पकड़े हुए लोगों ने नहर में डूबे अंनत को खाजने का प्रयास शुरु किया.

### घंटेभर बाद मिला शव

लगभग घंटे भर तक कड़ी मशक्कत करने के बाद अनंत का शव नहर की गहराई में झाड़ियों के बीच फंसा मिला. जिसे फौरन बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया. लेकिन अस्पताल में जांच करते हुए ड्यूटी डॉक्टर द्वारा अनंत को ब्रॉट डेड घोषित कर दिया गया. यह जानकारी सामने आते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया. वहीं मौके पर मौजूद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

# चित्रकूट में महिला श्रद्धालुओं के पर्स चोरी

## नकदी, मोबाइल, एटीएम कार्ड सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज पार

नवभारत न्यूज

**सतना 17 मार्च. एक ओर जहां धर्म नगरी चित्रकूट में देश भर से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होती जा रही है. लेकिन वहीं दूसरी श्रद्धालुओं के सामान की चोरी-छिनैती और जेबकतरी जैसी घटनाएं जिले की कानून-व्यवस्था की साख पर पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं. इसी कड़ी में मंगलवार को चित्रकूट के आरोग्यधाम और गुप्त गोदावरी क्षेत्र में दो महिला श्रद्धालुओं के कीमती सामान से भरे पर्स चोरी हो जाने की घटना सामने आ गई.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्वालियर निवासी श्रीमती सावित्री दुबे और उनका परिवार चित्रकूट दर्शन-पूजन के लिए पहुंचा था. मंगलवार की सुबह भगवान कामतानाथ का दर्शन और कामदगिरी पर्वत की परिक्रमा आरंभ करने से पहले दुबे परिवार आरोग्यधाम के पंचवटी घाट पर पहुंच गया. अपना-अपना सामान घाट पर रखने के बाद सभी लोग एक एक करके मंदाकिनी नदी में स्नान करने लगे. लेकिन इसी दौरान श्रीमती सावित्री ने अपना पर्स लेना चाहा तो वह वहां नजर नहीं आया. यह देख सभी लोगों ने मिलकर पर्स की खोजबीन शुरु की. लेकिन काफी प्रयास के बावजूद भी उसका कोई पता नहीं चला. बताया गया कि पर्स में 15 हजार रु नकद, मोबाइल, घर की चाबियां और आधार कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे. परिजनों द्वारा घटना की शिकायत चित्रकूट थाने में की गई.

थाना प्रभारी गिरजी शंकर वाजपेयी के अनुसार पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है. घाट की ओर जाने वाले रास्ते सहित आस पास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोर के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास जारी है.

### गुफा के अंदर से पर्स चोरी

नागपुर महाराष्ट्र निवासी श्रीमती विद्या मिश्रम अपने पति तिलकराव मिश्रम सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ चित्रकूट दर्शन-पूजन के लिए आई थीं. इसी कड़ी में मंगलवार की दोपहर सवा 12 बजे वे गुप्त गोदावरी पहुंच गए. गुप्त गोदवरी की गुफा के अंदर जाने के दौरान ही अचानक श्रीमती मिश्रम का पर्स चोरी हो गया. पर्स में 6 हजार रु नकद और 2 एटीएम कार्ड रखे हुए थे. बताया गया कि प्रथम गुफा में संचालित फूल-माला की दुकान से लेकर गुफा के अंदर के बीच यह घटना हुई. जिसे देखते हुए श्रद्धालु द्वारा गुफा से बाहर निकलकर प्रभारी को घटना की सूचना दी गई. लेकिन सीसीटीवी ऑपरेटर के गैरमौजूदगी के चलते चोरी के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आ सकी. गौरतलब है कि परिक्रमा पथ से लेकर अन्य धर्म स्थलों में चोरी, जेब कटने और छिनैती जैसी घटनाएं सामने आती रहती हैं. लेकिन इसके बावजूद भी पुलिस की कार्रवाई महज प्रकरण दर्ज करने से आगे बढ़ती नजर नहीं आती है.

# जेल वाहन की टक्कर से दिव्यांग की ट्राइसाइकिल क्षतिग्रस्त

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 मार्च. जिला अस्पताल सतना में मंगलवार की शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब जेल पुलिस के वाहन ने एक दिव्यांग की ट्राइसाइकिल को ठोकर मार दी। घटना में ट्राइसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि गनीमत रही कि दिव्यांग व्यक्ति बाल-बाल बच गया और उसे गंभीर चोट नहीं आई।**

जानकारी के अनुसार उतेली निवासी 60 वर्षीय राजेश तिवारी, पिता स्वर्गीय शांति स्वरूप तिवारी, किसी परिजन को देखने के लिए जिला चिकित्सालय सतना आए हुए थे। वह अस्पताल परिसर में अपनी ट्राइसाइकिल से आ-जा रहे थे, इसी दौरान परिसर में मौजूद पुलिस के वज्र वाहन ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी ट्राइसाइकिल को ठोकर मार दी। टक्कर लगते ही मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और आसपास खड़े लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद कुछ देर के लिए अस्पताल परिसर में हलचल का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि ट्राइसाइकिल का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राजेश तिवारी को किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।


मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस वाहन चालक को सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की नसीहत दी। लोगों का कहना था कि अस्पताल परिसर में मरीज, तीमारदार और बुजुर्ग बड़ी संख्या में आते-जाते रहते हैं, ऐसे में तेज गति या लापरवाही से वाहन चलाना खतरनाक साबित हो सकता है।

घटना के बाद अस्पताल परिसर में कुछ समय तक चर्चा का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि अस्पताल परिसर में वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रक ने वृद्ध को रौंदा, ग्रामीणों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सतना 17 मार्च. मैहर जिले के राज्यमार्ग 11 पर डेल्हा मोड के निकट मंगलवार को हुए सड़क हादसे में 91 वर्षीय वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई. घटना तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रक द्वारा वृद्ध को रौंदते हुए घसीटने के कारण होना बताया गया. वहीं इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने राज्यमार्ग पर शव रखते हुए जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर जिले के सोनवारी गांव के निवासी बंसगोपाल साहू पिता कढोला साहू उम्र 91 वर्ष हर रोज की तरह मंगलवार की सुबह भी अपने मवेशियों को चराने के लिए घर से निकले थे. बताया गया कि जैसे ही वे डेल्हा मोड़ के निकट पहुंचे वैसे ही वहां से गुजर रहे एक अनियंत्रित ट्रक क्रमांक एमपी 19 एचए 8053 के चालक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी और उस पर क्षमता से अधिक माल लदा होने के कारण वह बेकाबू नजर आ रहा था. आलम यह रहा कि वंशगोपाल को चपेट में लेने के बाद ट्रक उन्हें कुछ दूर तक घसीटता रहा. जिसके चलते उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घटना की जानकारी होते ही परिजन सहित आस पास के सैकड़ों लोग घटनास्थल पर पहुंच गए. दुर्घटना और वंशगोपाल के शव की हालत को देखते हुए लोगो का गुस्सा भड़क गया. देखते ही देखते एकत्रित लोगों ने राज्यमार्ग पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया. जिसके चलते राज्यमार्ग के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की कतारें लग गईं.

### ठोस आश्वासन पर बनी बात

राज्यमार्ग पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन कर रहे परिजनों और ग्रामीणों का कहना था कि मृतक के पीड़ित परिवार को तत्काल और उचित क्षतिपूर्ति दिलाई जाए. इसी कड़ी में यह मांग भी की गई कि क्षेत्र में ओवरलोड ट्रकों की इंट्री को पूरी तरह से बंद किया जाए. वहीं स्थानीय रहवासियों को दुर्घटना से बचाने के लिए गुजरने वाले वाहनों की गति सीमा निर्धारित करने के साथ ही स्पीड ब्रेकर भी लगाए जाएं. काफी देर तक चली समझाइस के बाद पुलिस द्वारा दिए गए ठोस आश्वासन के चलते किसी तरह गतिरोध कम हुआ और आक्रोशित लोग वहां से हटने के लिए राजी हो गए.



# मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी से रामनवमीं महोत्सव की तैयारियों को मिली नई ऊर्जा

## जानकी के साथ ही राम सम्पूर्ण बने हैं

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 मार्च. हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा आयोजित श्री रामनवमी के 22वें सोपान की भव्य शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर सरस्वती कृष्णनगर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में शहर की मातृशक्तियों की विशाल बैठक 'जानकी सभा' का आयोजन किया गया।**

अस्तित्व महिला सशक्तिकरण एवं संरक्षण के आतिथ्य में आयोजित इस सभा में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी, उत्तम बनर्जी, इंजी. रमेश जैन, प्रणामी समाज की साध्वी निर्मला दीदी एवं समाजसेविका मोना चौपड़ा मंचासीन रहे। सभा का संचालन अर्पिता सोनी ने किया, जबकि दीप मंत्र आयुषी तिवारी, विजय महामंत्र अंजना तिवारी एवं रामस्तुति डॉ. मनीषा सोई द्वारा प्रस्तुत की गई। स्वागत भाषण मणिकांत माहेश्वरी ने दिया एवं आभार लता केजरीवाल ने किया। हिन्दू पर्व समन्वय समिति के *वरिष्ठ सदस्य उत्तम बनर्जी* ने कहा कि राष्ट्र जीवन में मातृशक्ति का योगदान प्राचीन काल से ही सराहनीय रहा है। समाज का विकास मातृशक्ति के बिना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि जानकी टोली की शक्तिसाधना यात्रा ही रामजी की यात्रा है.

# कन्या महाविद्यालय के सामने शोहदे को पुलिस ने दबोचा

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 मार्च. शासकीय इंदिरा कन्या महाविद्यालय के गेट के सामने एक युवक को बाइक पर बैठकर हीरोगिरी दिखाना उस समय भारी पड़ गया. जब सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस उसे पकड़कर थाने ले गई और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर दी।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर के शासकीय कन्या महाविद्यालय के गेट के सामने एक युवक सड़क पार अपनी बाइक पर काफी देर तक बैठा रहा. इस दौरान वह कॉलेज आने-जाने वाली छात्राओं को संदिग्ध तरीके से देखता और तरह-तरह के करतब करता दिखाई दिया. उसकी गतिविधियों से आसपास मौजूद लोगों को संदेह हुआ, जिसके बाद किसी ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया और पुलिस को भी भेज दिया. वीडियो सामने आने के बाद कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक की गतिविधियों को देखा और उससे पूछताछ की. पूछताछ के दौरान वह कॉलेज गेट के सामने लंबे समय तक बैठने का कोई संतोषजनक कारण नहीं बता सका. पुलिस ने युवक की पहचान नीलेश्वर सिंह (22) निवासी डढ़िया, रामपुर बाघेलान के रूप में की. इसके बाद उसे मौके से हिरासत में लेकर सिटी कोतवाली थाने ले जाया गया.

### ब्लेड से धमकाने वाला धराया

पिछले दिनों सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें कन्या महाविद्यालय के सामने मौजूद एक युवक ब्लेड से धमकाता नजर आ रहा था। जिसे संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने पड़ताल शुरू की। जिसके चलते युवक की पहचान आशीष दहिया पिता लखन दहिया उम्र 24 वर्ष निवासी टिकुरिया टोला के तौर पर हुई। जिसे पुलिस द्वारा मंगलवार को गिरफ्तार लिया गया। गौरतलब है कि उक्त आरोपी द्वारा इंदिरा कॉलेज के सामने ब्लेड से स्वयं को क्षति पहुंचाने का भय कॉलेज की छात्राओं को दिखा रहा था।


# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मिला पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 मार्च. ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना के जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में उपस्थिति दर्ज कराई.**



सम्मेलन में विभिन्न संस्थानों से आए प्रतिभागियों ने चार विषयगत ट्रैकों में अपने नवाचारपूर्ण शोध कार्यों का मौखिक प्रस्तुतिकरण किया। छात्र अनुराग त्रिपाठी, बंटी एवं डॉ. प्रणिता भटेले छात्रा सृष्टि सोनी, संजना सोनी एवं वर्षा सिंह डॉ. पंकज कुमार गौतम, नीलेश श्रीवास्तव एवं दीक्षा चौधरीं हरजीत कौर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रस्तुतिकरण श्रेणी में प्रियंका पंवार एवं सुमेर सिंह राजपूत ने प्रथम स्थान हासिल किया.



# सुप्रीम कोर्ट के ओबीसी फैसले पर सफल यूपीएससी अभ्यर्थियों ने गणेश सिंह से की मुलाकात

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 मार्च. संघ लोक सेवा आयोग से जुड़े अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों के पक्ष में आए सर्वोच्च न्यायालय के हालिया फैसले के संदर्भ में सफल अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को नई दिल्ली में सतना सांसद एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष गणेश सिंह से शिष्टाचार भेंट की।**

इस मुलाकात में अभ्यर्थियों ने गणेश सिंह के निरंतर प्रयासों और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में अंशु यादव, बसंत, केतन, स्वप्निल, निलेश सहित अन्य सफल अभ्यर्थी शामिल थे।

**आरक्षण लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त**-भेंट के दौरान ओबीसी अभ्यर्थियों को न्यायपूर्ण अवसर प्रदान करने, प्रतियोगी परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा सभी वर्गों की समान भागीदारी बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। अभ्यर्थियों ने 2018-19 में गठित अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण संबंधी संसदीय समिति की रिपोर्ट का विशेष उल्लेख किया, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया है। उस समय इस समिति की अध्यक्षता भी गणेश सिंह कर रहे थे। रिपोर्ट ने इस प्रकरण के विभिन्न तथ्यात्मक पहलुओं को प्रभावी ढंग से सामने रखा था, जिससे ओबीसी अभ्यर्थियों को राहत मिली।

# व्यंकटेश लोक में सूर्य उपासना पर्व पर आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 मार्च. मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं विश्व गीता प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में नव संवत्सर (विक्रम संवत् 2083) के शुभ अवसर पर सूर्य उपासना पर्व का आयोजन किया जा रहा है।**

यह कार्यक्रम चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) के दिन 19 मार्च गुरुवार को प्रात: 5.30 बजे से प्रात: 7 बजे तक व्यंकटेष लोक मुख्त्यारगंज सतना में आयोजित होगा। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री श्री 108 श्री धारणीधराचार्य महाराज बड़ा अखाड़ा सोहावल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन की शुरुआत प्रात: 5.30 बजे मंगल तिलक, दीप प्रज्ज्वलन, ध्वजारोहण एवं वंदे मातरम् के साथ होगी। इसके बाद सूर्य उपासना, सूर्य के बारह नामों का स्मरण, ओमकार उच्चारण (ब्रह्मनाद), पंचांग पूजन एवं संकल्प वाचन जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। मुख्य अतिथि का उद्बोधन प्रात: 6.45 बजे होगा, वहीं कार्यक्रम का समापन आरती, शंखनाद (सूर्य को अर्घ्य) एवं कल्याण मंत्र के साथ प्रात: 7 बजे किया जाएगा।

### प्री-ऑक्शन कमेटी की बैठक आज मैहर में

मैहर जिले में स्थित प्रमुख खनिज ब्लॉकों की नीलामी से पूर्व आवश्यक प्रक्रियाओं के संबंध में प्री-ऑक्शन कमेटी की बैठक कलेक्टर मैहर रानी बाटड की अध्यक्षता में 18 मार्च 2026 को दोपहर 12.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक के पष्चात आयोजित होगी। खनि अधिकारी मैहर ने सभी संबंधित अधिकारियों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## एक नजर में



### रामजागरण यात्रा, जगत कल्याण के लिए मां काली की आरती

**सतना.** गणेश नगर हनुमान मंदिर से भल्ला फार्म होते हुए काली मंदिर टपरिया तक कलश यात्रा निकाली गई। हिंदू पर्व सामान्य समिति द्वारा लगातार 22 में वर्ष शहर में ऐतिहासिक बन चुकी श्री रामनवमी शोभा यात्रा को भव्य एवं दिव्या बनाने के लिए हनुमान शक्ति केंद्र अंतर्गत धर्म ध्वज के साथ घर-घर आमंत्रण पत्रक वितरण किए गए। यात्रा समापन अवसर पर टपरिया बस्ती में ब्रह्मांड की अनंत शक्ति सृजन एवं संहार की देवी महाकाली की आरती कर जगत कल्याण की कामना की गई। आयोजन में हनुमान शक्ति केंद्र के संयोजक आचार्य विनोद द्विवेदी वरिष्ठ समाज सेवी रामपाल यादव, चंद्रिका त्रिपाठी, डिप्पू शुक्ला, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### लायंस लंगर सेवा खिचड़ी प्रसाद वितरित

**सतना।** लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा के तहत आज 17/03/2026 मंगलवार को श्रीमती नीलम-संजय श्रीवास्तव परिवार की ओर से श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी, ज़ोन चेयरपर्सन लायन धर्मेंद्र सेन, लायन जितेन्द्र गर्ग, रोहित श्रीवास्तव, आराधना श्रीवास्तव, नवम श्रीवास्तव, आरोही श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, राजीव अर्गल, देवधर दुबे, विनोद कुमार गर्ग, अशोक त्रिपाठी, राजेश श्रीवास्तव, मिथलेश पाण्डेय, कमल कांत पाण्डेय, लायन कैलाश कुमार, रजनीश गौतम, सुकीर्त त्रिपाठी, सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी , मंदिर के पुजारी पं0जगन्नाथ महराज जी एवं साथी उपस्थित रहे ।



### ग्राम समितियों तक मनाया जाएगा श्रीराम उत्सव

**सतना।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम प्रतिवर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है यह कार्यक्रम ग्राम समिति से लेकर जिला समिति तक अलग-अलग प्रकार से होगा जिसमें शोभा यात्रा , मूर्ति पूजन रामचर्चा की गोष्ठी प्रमुख रूप से होगी सतना में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खोवा मंडी प्रांगण में नवरात्रि के प्रारंभ दिनप्रभु श्रीराम जी की प्रतिमा नौ दिनों के लिए प्रतिष्ठित की जाएगी जिसमें प्रतिदिन शाम को अलग अलग धार्मिक सांस्कृतिक कार्य क्रम आयोजित कर संध्या आरती के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा ।

